कार्यालय लोक सूचना अपीलीय अधिकारी एवं जिला कलक्टर, हनुमानगढ़

अपील संख्याः–15/2019 सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत

श्री श्याम सुन्दर पुत्र भोलू राम मार्फत जिंदल रेडियो एवं टी.वी. सैन्टर पीलीबंगा, तहसील पीलीबंगा जिला हनुमानगढ़।

––अपीलार्थी

बनाम

अपर जिला कलक्टर, हनुमानगढ़।

––प्रत्यर्थी

आदेश दिनांकः–02.05.2019

यह अपील सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत अपर जिला कलक्टर, हनुमानगढ़ के संबंध में प्राप्त हुई है।

अपीलार्थी के अपील में अंकित तथ्यो के अनुसार अपर जिला कलक्टर, हनुमानगढ़ द्वारा सूचना उपलब्ध नही करवाये जाने पर अपीलार्थी द्वारा यह अपील की गई हैं।

अपर जिला कलक्टर, हनुमानगढ़ से पत्र कमांक 386 दिनांक 24.4.2019 द्वारा जबाव प्राप्त हुआ जिसकी प्रतिलिपि अपीलार्थी को प्रेषित किया जाना पाया गया है।

पत्रावली का अवलोकन किया। अपर जिला कलक्टर, हनुमानगढ़ द्वारा पत्र कमांक 386 दिनांक 24.4.2019 से यह अवगत करवाया गया है कि बिन्दू संख्या 4 के सम्बन्ध में रिसिप्ट शाखा, कलैक्ट्रट हनुमानगढ़ की रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी का आवेदन पत्र दिनांक 17.10.17 से 17.11.17 तक आवक रजिस्टर में दर्ज होना नहीं पाया गया है। अपर जिला कलक्टर, हनुमानगढ़ के पत्र क्रमांक 386 दिनांक 24.4.2019 के साथ संलग्न पत्रांक 256 दिनांक 12.03.2019 की प्रति का अवलोकन करने से अपर जिला कलक्टर, हनुमानगढ़ द्वारा अपीलार्थी को बिन्दू संख्या 1,2,3,5 की सूचना नियमानुसार शुल्क जमा करवाकर सूचना प्राप्त करने हेतु लिखा जाना पाया गया है। उक्त विवेचनानुसार अपीलार्थी को इस अपील में ओर कोई अनुतोष नहीं दिया जा सकता है। अतः अपीलार्थी की यह अपील उक्तानुसार निर्णित की जाती है। आदेश की प्रति दोनो पक्षो को भेजी जावे। पत्रावली नम्बर से कम की जाकर दाखिल दफतर की जावे।

लोक सूचना अपीलीय अधिकारी
एवं जिला कलक्टर
हनुमानगढ